# विश्व पृथ्वी दिवस 2024 कला/स्लोगन/कविता प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन

बलराम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स द्वारा संचालित 'सिटीजन गर्ल्स कॉलेज, बलराम नगर, नैनी, प्रयागराज' में आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं (पोस्टर ,स्लोगन, कविता) का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं को धरती के बढ़ते हुए तापमान को कम करने के लिए सम्यक प्रयास ,प्लास्टिक के प्रयोग से हो रहे नुकसान और ऊर्जा संरक्षण हेतु जागरूक करना था। इस अवसर पर छात्राओं ने धरती को बचाने के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया।




छात्रा कल्पना ने अपनी कविता 'क्या मनुष्य ने प्रकृति से लिया है रिश्ता तोड़' में मनुष्य का प्रकृति से दूरी के कारण भविष्य में होनेवाले नकारात्मक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है। कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर अंजुला तिवारी , अनुराधा अरोड़ा, अंजना गौड़, अंजलि सैमुअल द्वारा किया गया। सचिन श्रीवास्तव, फराज अहमद और पूनम सोनकर का सहयोग रहा। पूरी प्रतियोगिता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मधुलिका सिंह और उपप्राचार्य डॉक्टर उमा लता पटेल के निर्देशन में संपन्न हुआ। इशिता साहू, सुष्मिता गुप्ता, वर्तिका तिवारी, हर्षिता द्विवेदी, अर्पिता मिश्रा, सुजाता शर्मा आदि छात्राओं ने सहभाग किया।